बरेली, मंगलवार
9 नवंबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 20

# दैनिक जागरण

PAGE NO. : 07 BOTTOM LEFT

# थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष का आज से होगा आगाज

**जासं, बरेली:** श्री राममूर्ति स्मारक रिद्धिमा में सोमवार को एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने नौ नवंबर से शुरू होने वाले थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष की जानकारी दी। बताया कि रंगमंच प्रेमियों के लिए रिद्धिमा छह दिन का थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष आयोजित कर रहा है। नौ नवंबर को अश्वनी कुमार लिखित नाटक 'मैं पापिन क्यों' से शुभारंभ होगा। जबकि समापन 14 नवंबर को डा. एम सईद आलम के कमेडी नाटक 'चाचा चक्कर इन एक्शन' से किया जाएगा। सभी नाटक डेढ़ घंटे की अवधि के होंगे और इनका मंचन प्रति दिन शाम साढ़े पांच बजे आरंभ होगा। विस्तृत जानकारी श्री राममूर्ति स्मारक रिद्धिमा की वेबसाइट (www.srms.ac.in/riddhima) पर है। रंगमंच प्रेमी इस वेबसाइट से आनलाइन अपनी सीट बुक करवा सकते हैं।

जानकारी देते आदित्य मूर्ति • जागरण

उन्होंने बताया कि देश की विरासत संजोने और उसे पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से आठ फरवरी को बरेली में स्थापित श्री राममूर्ति स्मारक रिद्धिमा ने कम ही समय में शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय और सुगम संगीत, नाट्य कला, ललित कला एवं रंगमंच के क्षेत्र में अपनी पहचान बना ली है। फरवरी में ही यहां पर शास्त्रीय संगीत और शास्त्रीय नृत्य से संबंधित बसंतोत्सव का सफल आयोजन हुआ। लाकडाउन के बाद से यहां पर प्रति सप्ताह एक नाटक का मंचन किया जा रहा है।